दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय




# यातायात निर्देशिका

## स्वतंत्रता दिवस समारोह

## 13 अगस्त, 2021 को फुल ड्रेस रिहर्सल

बेहतर सेवा के लिए जरूरी आपका सहयोग




★ रिंग रोड पर भारी/मध्य/हल्के वाहनों एवं अंतर्राज्जीय बसों का प्रवेश वर्जित (लूप आई.एस.बी.टी. ब्रिज रिंग रोड से 'टी' प्वाइंट निज़ामुद्दीन के बीच) दिनांक 12.08.2021 मध्य रात्रि से 13.08.2021 प्रातः 11:00 बजे तक।

### लाल किले के आसपास यातायात प्रतिबंध

निम्नलिखित सड़कें **प्रातः 4:00 बजे से प्रातः 10:00 बजे** तक सामान्य यातायात के लिए बंद रहेंगी तथा केवल लेबल वाले वाहनों को ही जाने की अनुमति होगी:–

1. नेताजी सुभाष मार्ग दिल्ली गेट से छत्ता रेल चौक तक।
2. लोथियन रोड जीपीओ दिल्ली से छत्ता रेल चौक तक।
3. एस.पी.मुखर्जी मार्ग पर एच.सी. सेन मार्ग से यमुना बाजार चौक तक।
4. चांदनी चौक रोड पर फव्वारा चौक से लाल किला तक।
5. निषाद राज मार्ग पर रिंग रोड से नेताजी सुभाष मार्ग तक।
6. एस्प्लेनेड रोड और नेताजी सुभाष मार्ग के लिए इसकी लिंक रोड।
7. रिंग रोड पर राजघाट से आईएसबीटी तक।
8. आउटर रिंग रोड पर आईएसबीटी से आईपी फ्लाईओवर अर्थात् सलीमगढ़ बाईपास तक (जब कभी आवश्यकता हो)

### 4:00 बजे से 10:00 बजे तक निम्नलिखित सड़कों पर जाने से बचें

जिन वाहनों पर रिहर्सल के लिए पार्किंग लेबल नहीं हैं, वे सी–हेक्सागन इंडिया गेट, कॉपरनिकस मार्ग, मंडी हाउस, सिकंदरा रोड, डब्ल्यू प्वाइंट, ए पॉइंट तिलक मार्ग, मथुरा रोड, बहादुर शाह ज़फ्फर मार्ग, सुभाष मार्ग, जवाहरलाल नेहरू मार्ग और निजामुद्दीन पुल और आईएसबीटी पुल के बीच रिंग रोड और आईपी फ्लाईओवर से सलीमगढ़ बाईपास से आईएसबीटी तक बाहरी रिंग रोड जाने से बचें और दी गई सलाह के अनुसार मार्ग चुनें।

### उत्तर–दक्षिण प्रवेश

**विकल्प–1:** अरबिंदो मार्ग–सफदरजंग रोड–मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुइयां रोड–रानी झांसी रोड से उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें और वापस जाएं।

**विकल्प–2:** कनॉट प्लेस–मिंटो रोड–भवभूति मार्ग–अजमेरी गेट–श्रद्धानन्द मार्ग–लाहौरी गेट चौक–नया बाजार–पीली कोठी–ओडीआरएस तक एस.पी. मुखर्जी मार्ग से उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें और वापस जाएं।

**विकल्प–3:** यमुना–पुश्ता रोड–जी.टी. रोड पार करके निजामुद्दीन पुल पर पहुंचें और युधिष्ठर सेतु पार करके आईएसबीटी पहुंचें और उत्तरी दिल्ली में अपने गंतव्य तक पहुंचें और वापस जाएं।

### पूर्व–पश्चिम कॉरिडोर

- रिंग रोड तक पहुंचने के लिए डीएनडी–एनएच–24 (एनएच–9)–विकास मार्ग–शाहदरा पुल और वजीराबाद पुल खुले रहेंगे।
- विकास मार्ग – डीडीयू मार्ग–भवभूति मार्ग – देशबंधु गुप्ता रोड बुलेवार्ड रोड– बर्फ खाना–रानी झांसी फ्लाईओवर–डी बी जी रोड–पंचकुइयां रोड खुली रहेंगी।
- **गीता कॉलोनी ब्रिज शांतिवन की ओर बंद रहेगा :–** इसी तरह निचली रिंग रोड पर आईएसबीटी कश्मीरी गेट से शांतिवन की ओर और आईपी फ्लाईओवर से राजघाट की ओर यातायात की अनुमति नहीं होगी।

लोगों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम समय में भीड़ और असुविधा से बचने के लिए जल्दी पहुंचें।

### साइनेज

सभी महत्वपूर्ण यातायात जंक्शनों पर लाल किले के लिए निर्धारित वाहनों के यातायात के मार्गदर्शन के लिए पर्याप्त सूचनात्मक संकेत प्रदर्शित किए जाएंगे।

### वाणिज्यिक वाहनों एवं अंतर्राज्जीय बसों के आवाजाही पर प्रतिबंध:

1. 13.08.2021 को मध्यरात्रि **00:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे** तक निजामुद्दीन पुल और वजीराबाद पुल के बीच माल वाहनों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।
2. 13.08.2021 को **मध्यरात्रि 00:00 बजे से प्रातः 11.00 बजे** तक महाराणा प्रताप आईएसबीटी और सराय काले खाँ आईएसबीटी के बीच अंतर्राज्जीय बसों की आवाजाही की अनुमति नहीं होगी।

### प्रतिबंधित सड़कों के अलावा शहरी बसों की आवाजाही पर प्रतिबंध:

डीटीसी सहित स्थानीय सिटी बसें आईएसबीटी और रिंग रोड–एनएच–24 (एनएच–9)/एनएच 'टी' पॉइंट (निजामुद्दीन खत्ता) के बीच 13.08.2021 को मध्यरात्रि 00:00 बजे से **प्रातः 11 बजे** तक रिंग रोड पर नहीं चलेंगी और उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग लेंगी।

लाल किला, जामा मस्जिद और दिल्ली मुख्य रेलवे स्टेशन पर सामान्यतः समाप्त होने वाली बसों के रूट को निम्नानुसार संक्षिप्त किया / बदला जाएगा: –

- दक्षिण और पश्चिमी दिल्ली से आने वाली बसों के लिए रामलीला मैदान के सामने जे.एल.एन. मार्ग पर। पैदल यात्री नुक्कड़ फैज बाजार और सुभाष मार्ग से लाल किले तक पहुंच सकते हैं।
- उत्तर, उत्तर पश्चिम और आईएसबीटी पुल के माध्यम से पूर्वी दिल्ली से आने वाली बसों के लिए मोरी गेट और तीस हजारी पर। पैदल यात्री पुल डफरिन और एस.पी. मुखर्जी मार्ग से लाल किले तक पहुंच सकते हैं।
- रिंग रोड से उत्तरी दिल्ली की ओर से आने वाली बसों के लिए महाराजा अग्रसेन पार्क के सामने बुलेवार्ड रोड पर। पैदल यात्री लोथियन रोड–छत्ता रेल–एस.पी. मुखर्जी मार्ग–चांदनी चौक–एस्प्लेनैड रोड से लाल किले तक पहुंच सकते हैं।

**सुबह 10:00 बजे के बाद सामान्य बस सेवा बहाल हो जाएगी।**

### महत्वपूर्ण स्थानों पर कैसे पहुंचें:-

**1) पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन:**

क) पश्चिम और दक्षिण दिल्ली से: रेलवे स्टेशन तक पहुंचने के लिए मदर टेरेसा क्रिसेंट – पार्क स्ट्रीट – मंदिर मार्ग – पंचकुइयां रोड – रानी झांसी फ्लाईओवर – आजाद मार्केट – बुलेवार्ड रोड – मोरी गेट – पुल डफरिन – एस.पी. मुखर्जी मार्ग।

ख) उत्तर से: रेलवे स्टेशन तक पहुँचने के लिए मोरी गेट – पुल डफरिन – एस. पी. मुखर्जी मार्ग।

**2) नई दिल्ली रेलवे स्टेशन:** कोई प्रतिबंध नहीं है।

**3) आईएसबीटी कश्मीरी गेट**

क) **नई दिल्ली और दक्षिण दिल्ली से:** मदर टेरेसा क्रिसेंट–पार्क स्ट्रीट–मंदिर मार्ग–पंचकुइयां रोड–रानी झांसी रोड और रानी झांसी फ्लाईओवर–बुलेवार्ड रोड।

इ) **उत्तरी दिल्ली से:** कोई प्रतिबंध नहीं है।

**4) जे.पी.एन. अस्पताल:** कोई प्रतिबंध नहीं है।

**5) कस्तूरबा अस्पताल:** अजमेरी गेट–अजमेरी बाजार–चौक हौज काजी–चावड़ी बाजार–चौक बरशबुल्लाह–उर्दू बाजार।

ट्रैफिक प्रहरी बनें | ऐप डाउनलोड करें Download on the App Store GET IT ON Google Play | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | जानकारी साझा करने के लिए कॉल करें 1090 | तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112